अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग,बिहार, पटना

स0आ0सं0– मु0अ0–4(मु0) विविध (कार्य)–23–18/15 1025 पटना, दिनांक–30.01.17

सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारीयों से प्राप्त अनुशंसा पत्रों द्वारा एकरारनामा की शर्तों के उल्लंघन की सूचना के आलोक में विभागीय पत्रांक–11369 अनु0, दिनांक 04.10.2013 द्वारा संवेदक मेसर्स कार्तिक प्रसाद, सीताकुंड कल्याणचक, पो0–दरियापुर, जिला–मुंगेर (निबंधन संख्या–815/2009) को आगे की निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया गया था।

तत्पश्चात इस संदर्भ में आवंटित पथ में कालीकरण का कार्य नक्सलीयों द्वारा बाधित किये जाने की सूचना एवं संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मुंगेर के पत्रांक–1706 अनु0, दिनांक 03.12.2016 द्वारा उक्त संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में संवेदक द्वारा एक शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिनांक 31.03.2017 तक कालीकरण का कार्य भी पूर्ण कर लिये जाने का आश्वासन दिया गया है। प्राप्त अनुशंसा पत्रों एवं संबंधित दस्तावेजों/साक्ष्यों के समीक्षोपरान्त विषम परिस्थितियों देखते हुए उक्त संवेदक को डिबार मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः संवेदक मेसर्स कार्तिक प्रसाद, सीताकुंड कल्याणचक, पो0–दरियापुर, जिला–मुंगेर (निबंधन संख्या–815/2009) को विभागीय पत्रांक–11369 अनु0, दिनांक 04.10.2013 द्वारा निर्गत डिबार सुची के कमांक–332 से विलोपित करते हुए दिनांक 31.03.2017 तक कार्य पूर्णतः समाप्त कर देने की शर्त पर डिबार मुक्त किया जाता है।

25.1.17

(कृष्णानंद प्रसाद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– मु0अ0–4(मु0) विविध (कार्य)–23–18/15 1025 पटना, दिनांक–30.01.17

प्रतिलिपि–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल/सभी परियोजना प्रबंधक,ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.1.17

(कृष्णानंद प्रसाद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– मु0अ0–4(मु0) विविध (कार्य)–23–18/15 1025 पटना, दिनांक– 30.01.17

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

25.1.17

(कृष्णानंद प्रसाद)
अभियंता प्रमुख

(कृ0प्र0उ0)